लोक सभा

क्रम सं॰	संसद सदस्य का नाम	निर्वाचन क्षेत्र
1.	डा॰ रामलखन सिंह	भिंड
2.	श्री शिवराज सिंह	विदिशा

राज्य सभा

क्रम सं॰	संसद सदस्य का नाम	केंद्रक जिला
1.	श्री राघव जी	विदिशा
2.	श्री ओ. राजगोपाल	दुर्ग
3.	श्री अजीत पी. के. जोगी	दमोह
4.	श्रीमती वीना वर्मा	बिलासपुर
5.	श्री गोविंदराम मिरि	बिलासपुर
6.	श्री हंसराज भारदवाज	ग्वालियर
7.	श्री सिकंदर बख्त	ग्वालियर
8.	श्री सुरेश पचौरी	भोपाल

मध्य प्रदेश के जिला मजिस्ट्रेट के विरूद्ध सांसदों की शिकायतों पर की गई कार्रवाई

275. **श्री राघवजी:** क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मध्य प्रदेश के उन संसद सदस्यों के नाम क्या हैं जिन्होंने सांसद निधि के व्यय में अनावश्यक हस्तक्षेप और संबंधित सांसद द्वारा दिए गए निर्देशों का अनुपालन न करने के संबंध में जिला मजिस्ट्रेट के विरूद्ध सरकार से शिकायत की है; और

(ख) इन शिकायतों के संबंध में सरकार द्वारा की गई कार्रवाई का ब्यौरा क्या है और यदि नहीं तो इसके क्या कारण हैं?

योजना और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती रत्नमाला देहरेश्वसवनूर): (क) और (ख) मध्य प्रदेश के माननीय संसद सदस्य श्री सुखलाल कुशवाहा, श्री अशोक अर्गल एवं श्री गोविन्दराम मिरि ने संबंधित जिला-अधिकारियों के विरूद्ध शिकायतें की थी; जिसके बारे में तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त की गई एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सलाह/सूचना दें दी गई थी।

बांका (बिहार) में पावर ग्रिड स्टेशन की स्थापना

276. **श्री जनार्दन यादव:** क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि बांका (बिहार) में पावर ग्रिड स्टेशन स्थापित करने के लिए वर्ष 1985 में स्वीकृति दी गई थी;

(ख) क्या यह भी सच है कि उक्त पावर ग्रिड स्टेशन का 50 प्रतिशत से भी अधिक निर्माण कार्य पूरा हो गया है; और

(ग) यदि हां, तो इस परियोजना के कब तक पूरा होने की संभावना है?

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के राजय मंत्री तथा विद्युत मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री योगेन्द्र कुमार भगतराम अलघ): (क) से (ग) सूचना एकत्र की जा रही है तथा सभा पटल पर रख दी जाएगी।

उत्तर प्रदेश में विद्युत परियोजनाएं

277. **श्री ईश दत्त यादव:** क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) उत्तर प्रदेश में स्थापित की जाने वाली नई विद्युत परियोजनाओं की संख्या क्या है;

(ख) चालू वित्तीय वर्ष के दौरान योजना आयोग द्वारा मंजूर की गई परियोजनाओं की संख्या क्या है;

(ग) ये प्रस्ताव किस स्तर पर लंबित पड़े हैं;

(घ) प्रत्येक परियोजना की अनुमानित लागत कितनी है और उसकी प्रतिष्ठापित क्षमता क्या है; और

(ङ) इन परियोजनाओं को शीघ्र स्वीकृति देने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के राज्य मंत्री तथा विद्युत मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री योगेन्द्र कुमार भगतराम अलघ): (क) उत्तर प्रदेश राज्य में

क्रियान्वित हो रहीं स्वीकृत/निर्माणाधीन विद्युत परियोजनाओं का ब्यौरा निम्नवत् है:—

परियोजना का नाम	क्षमता (मेगावाट)
टांडा टीपीपी यूनिट-4	100
सोबला एचईपी	6
मनेरी भाली एचईपी	304
लाखवार व्यासी एचईपी	420
टिहरी एचईपी चरण - 1	1000
धौलीगंगा एचईपी	280
फिरोज गांधी ऊंचाहार टीपीपी चरण-2	420

(ख) चालू वित्तीय वर्ष के दौरान योजना आयोग द्वारा उत्तर प्रदेश में किसी भी विद्युत परियोजना को निवेश अनुमोदन प्रदान नहीं किया गया।

(ग) से (ङ) उत्तर प्रदेश में जिन विद्युत परियोजनाओं को केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण द्वारा तकनीकी-आर्थिक स्वीकृति प्रदान की गई है (30.9.1997 की स्थितिनुसार) उनका ब्यौरा निम्नवत् है:—

परियोजना का नाम/क्रियान्वयन एजेंसी	क्षमता (मेगा-वाट)	अनुमानित लागत (करोड़ रुपए में) (विभिन्न कीमत स्तर)
विष्णुप्रयाग एचईपी/मैसर्स जेआईएल	400	1233.57
रोसा (फेस-I टीपीपी/मैसर्स इंडो-गल्फ फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स कारपोरेशन लि०	567	1438.53
टिहरी बांध एचईपी चरण-2/टीएचडीसी	1000	531.00

केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण (के० वि० प्रा०) द्वारा उत्तर प्रदेश विद्युत परिषद् की आपारा "सी" परियोजना (1000 मेगावाट) का दिनांक 9.8.1996 को मूल्यांकन कर दिया गया है। विद्युत (आपूर्ति) अधिनियम, 1948 की धारा 29 (2) की अनुपालना किए जाने के पश्चात् के० वि०प्रा० द्वारा औपचारिक स्वीकृति पर विचार किया जाएगा।

केन्द्रीय क्षेत्र में निम्नलिखित परियोजनाओं के संबंध में विस्तृत परियोजना रिपोर्ट के० वि० प्रा० में विचाराधीन है (30.9.1997 की स्थितिनुसार):—

परियोजना का नाम/क्रियान्वयन एजेंसी	क्षमता (मेगा-वाट)	अनुमानित लागत (करोड़ रुपए में)
धोलीगंगा एचईपी/एनएचपीसी	410	1131.60
गौरीगंगा एचईपी/एनएचपीसी	140	396.00

Status of Dulhasti Power Project

278. DR. ALLADI P. RAJKUMAR: Will the Minister of POWER be pleased to state:

(a) the year in which the Dulhasti power project contract was finalised, the name of the firm to which the contract was awarded and the time by which it was to be completed;

(b) the original cost of the project and the present status of its execution;

(c) the reasons for inordinate delay in the execution of the project; and

(d) the revised cost estimates and the time by which it is expected to be completed?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF SCIENCE AND TECHNOLOGY AND THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF POWER (SHRI YOGINDER K. ALAGH): (a) The Dulhasti Project contract was finalised in 1989 for turn-key execution to a French Consortium with CEGELEC as its leader. The Project was to be completed in 57 months (i.e. by July, 1994).